दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए आज शाम समाप्त हो जाएगा प्रचार अभियान। राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में एक जून को डाले जायेंगे वोट।

02. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। अड़तालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद इस सीजन का सबसे गर्म स्थान रहा।

03. दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के तय तिथि से दो दिन पहले आज केरल पहुंचने की संभावना। मौसम विभाग का अगले पांच दिन के दौरान बिहार में भी बारिश का पूर्वानुमान।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण के लिए आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा पर रोक लगाई।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आज शाम थम जाएगा। प्रचार अभियान में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत लगा दी है। दोनों गठबंधन के अलावा अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर–शोर से प्रचार अभियान में जुटे हैं। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज कई चुनावी क्षेत्रों में जनसभाएं करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा नालंदा, जहानाबाद और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में घर–घर जाकर प्रचार करेंगे। लोक जन शक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान भी एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र में रोड–शो करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का आज सभी आठ संसदीय क्षेत्रों

में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। कई स्थानों का तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद में पारा रिकॉर्ड अड़तालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन में बिहार के किसी भी शहर का अधिकतम तापमान है। वहीं, गया में भी तापमान ने पिछले कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां का अधिकतम तापमान सैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नवादा का अधिकतम तापमान सैंतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस, अरवल का सैंतालीस दशमलव एक, शेखपुरा का छियालीस दशमलव दो और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने कहा है कि शुष्क पछुआ हवा के प्रभाव से अगले दो दिन तक प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। आज राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में लू की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया कि दो दिनों के बाद अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

---

इधर, भीषण लू और गर्मी के कारण राज्य के अलग–अलग हिस्सों में आठ लोगों की मौत के समाचार हैं। सासाराम में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एएसआई देवनाथ राम की लू लगने से मौत हो गयी। वहीं, अरवल में चुनाव ड्यूटी पर तैनात अरूणाचल प्रदेश पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत निक्कू डेनी साव की भी लू लगने से मौत हो गयी। कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, दरभंगा और पूर्णियां जिले में भी लू लगने से छह लोगों की मौत की खबर है।

---

भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने का आदेश दिया है। विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह ने सभी सिविल सर्जन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अस्पताल की तैयारियों की समीक्षा की और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने का निर्देश दिया।

---

भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी और निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से आठ जून तक शैक्षणिक कार्य बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों में लू और गर्मी से बच्चों के बीमार पड़ने की खबरों के बीच मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर आपदा की इस स्थिति मे अन्य आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश भी दिए हैं।

---

दक्षिण पश्चिम मॉनसून के तय तिथि से दो दिन पहले आज केरल पहुंचने की संभावना  है। मौसम विभाग ने कहा कि मॉनसून आज पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंच सकता है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मानसून के आगे बढ़ने की परिस्थितियाँ भी अनुकूल हैं। श्री माहापात्र  ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र और ओडिसा में बारिश होने की संभावना है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण के लिए आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा पर रोक लगा दी है। अतिथि शिक्षकों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने यह आदेश दिया। दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अतिथि शिक्षकों को नियोजित शिक्षकों की तरह कार्य अनुभव के आधार पर अतिरिक्त अंक मिलने चाहिए। न्यायालय ने कहा कि नियोजित शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों के कार्य समान हैं, तो ऐसी स्थिति में उन्हें भी कम से कम पांच और अधिकतम पच्चीस अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलना चाहिए। इस चरण के तहत सत्तासी हजार सात सौ चौरासी पदों पर शिक्षकों की

नियुक्ति होनी है। विगत पांच मार्च को इस चरण के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ था, लेकिन पेपर लीक होने के बाद बीपीएससी ने परीक्षा रद्द कर दी थी।

वहीं, एक अन्य फैसले में न्यायालय ने कक्षा छह से आठवीं तक की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में ओएमआर शीट की दोबारा जांच करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार शरण की पीठ ने इस संबंध में दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि उपलब्ध कागजातों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि नौवीं से दसवीं तक के अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट की दोबारा जांच की गई, जबकि कक्षा–छह से आठवीं तक के याचिकाकर्ताओं को इससे वंचित कर दिया गया। याचिका में कहा गया है कि बीपीएससी ने अंतिम समय में ओएमआर शीट की उत्तरपुस्तिका का क्रम बदल दिया था। इसके कारण अभ्यर्थियों की ओर से राजनीति विज्ञान, भूगोल और अर्थशास्त्र विषय में दिए गए उत्तर को इतिहास का उत्तर मानकर मूल्यांकन किया गया। इस कारण सभी इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए।

---

दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में सीबीआई को सात जून तक निर्णायक आरोप पत्र दायर करने का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में जांच एजेंसी द्वारा फिर से समय मांगने पर नाराजगी जताते हुए और समय देने से इंकार कर दिया। इस मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्य मुख्य आरोपी हैं।

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में पुलिस को चार आरोपियों का वारंट मिला है। वहीं, पांचवें आरोपी के नाम और पते का सत्यापन किया जा रहा है। पटना सिटी एसपी, पूर्वी ने बताया कि सभी के खिलाफ इश्तेहार लेने के बाद तीन दिनों के भीतर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

---

राज्य के सरकारी और निजी बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि चार जून तक बढ़ा दी गयी है। अभ्यर्थी इस अवधि में विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के लिए अब

तक एक लाख अंठानवे हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। यह संख्या पिछले चार वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है।

---

आगामी रबी मौसम से राज्य में जलवायु अनुकूल खेती योजना नए सिरे से लागू होगी। जिले के अनुसार फसल चक्र का निर्धारण होगा। कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की बैठक में यह फैसला किया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत बीज उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में कम से कम बीस एकड़ में बीज उत्पादन का कार्य होगा।

---

समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास पुराने मालगोदाम में देर रात आग लग जाने से लाखों रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। अग्निशमन दस्ते की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इधर, पटना के फ्रेजर रोड स्थित एक अपार्टमेंट के नौवीं और दसवीं मंजिल पर देर रात आग लग गयी। दमकल की पंद्रह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

---

हाजीपुर की एक अदालत ने हत्या के मामले में दो दोषियों समीर कुमार राजा और छोटू कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोनों पर अलग–अलग एक लाख पांच सौ रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

एसटीएफ की टीम ने नवादा नगर थाना क्षेत्र से बीस हजार रूपये का इनामी अपराधी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एसटीएफ की टीम ने गोपालगंज से कुख्यात अपराधी निलेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी की पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की कोशिश करने के मामले में चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर छह जून को सुनवाई होगी। वहीं, मधुबनी के जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शादी का झांसा देकर एक लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मोहम्मद इसराइल को दस वर्ष कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– बिहार में गर्मी का पचपन साल का रिकॉर्ड टूटा। दिल्ली में पारा बावन दशमलव नौ डिग्री तक पहुंचा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– जानलेवा गर्मी। तीन सौ नवासी विद्यार्थी बेहोश, आठ लोगों की मौत।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– शिक्षक भर्ती परीक्षा पर हाईकोर्ट की रोक।

**दैनिक जागरण** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चुनावी संबोधन को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है– डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएगी कांग्रेस।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में बदल रही डेमोग्राफी।

**आज** अखबार लिखता है– ई–केवाईसी नहीं कराया तो पंद्रह जून को ब्लॉक हो जाएगा राशन कार्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए आज शाम समाप्त हो जाएगा प्रचार अभियान। राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में एक जून को डाले जायेंगे वोट।

02. पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। अड़तालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद इस सीजन का सबसे गर्म स्थान रहा।

03. दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के तय तिथि से दो दिन पहले आज केरल पहुंचने की संभावना। मौसम विभाग का अगले पांच दिन के दौरान बिहार में भी बारिश का पूर्वानुमान।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण के लिए आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा पर रोक लगाई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।